कैलाश बनाम सरकार व अन्य

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी

## थानागाजी—अलवर

(पीठासीन अधिकारी —सविता शर्मा आर.ए.एस.)

मुकदमा संख्या:—05 / 13 / 2025 जीसीएमएस सं0—2025 / 126 दर्ज तिथि:— 16.06.2025

1. कैलाश पुत्र स्व0 रामसहाय शर्मा उम्र 62 साल जाति बागडा ब्राह्मण निवासी नाथूसर रोड चौबारा की ढाणी थानागाजी तहसील थानागाजी जिला अलवर

..... प्रार्थी

बनाम

1. सरकार जरिये तहसीलदार थानागाजी जिला अलवर राज0
2. कमलेश पुत्र रामदयाल उम्र 50 साल जाति बागडा ब्राह्मण निवासी नाथूसर रोड चौबारा की ढाणी थानागाजी तहसील थानागाजी जिला अलवर
3. प्यारी देवी पत्नी रामदयाल उम्र 75 साल जाति बागडा ब्राह्मण निवासी नाथूसर रोड चौबारा की ढाणी थानागाजी तहसील थानागाजी जिला अलवर
4. तारा देवी पुत्री रामदयाल पत्नी सुवालाल उम्र 52 साल जाति बागडा ब्राह्मण हाल निवासी ग्राम सुरजनपुर तहसील थानागाजी जिला अलवर राज0
5. कृपा देवी पुत्री रामदयाल पत्नी ननछूराम उम्र 48 साल जाति बागडा ब्राह्मण हाल निवासी ग्राम प्रेमपुरा तहसील नारायणपुर जिला कोटपूतली—बहरोड राज0
6. शीला देवी पुत्री रामदयाल पत्नी जगदीश उम्र 45 साल जाति बागडा ब्राह्मण हाल निवासी ग्राम प्रेमपुरा तहसील नारायणपुर जिला कोटपूतली—बहरोड राज0

.....अप्रार्थीगण

उपस्थित

प्रार्थी —स्वयं।

अप्रार्थी अधिवक्ता:— अनुपस्थित।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251—क
राजस्थान काश्तकारी अधिनियम—1955

—:निर्णय:—

दिनांक 22.12.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251—क राजस्थान काश्तकारी अधिनियम—1955 वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थी द्वारा राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251—'क' के अन्तर्गत एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी अपनी खातेदारी आराजी खसरा संख्या 239 / 0.65 है0, 2887 / 236 / 0.08 है0 वाके ग्राम थानागाजी तहसील

छायाप्रति प्रमाणित
रीडर
उपखण्ड अधिकारी
थानागाजी (अलवर)

उपखण्ड अधिकारी
थानागाजी (अलवर) राज०

आदेश है कि

प्रार्थना पत्र प्रार्थी अन्तर्गत धारा 251–क राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 प्रार्थी को रास्ते की अत्यान्तिक आवश्यकता एवं वैकल्पिक रिकार्डेड रास्ते हेतु अनुपलब्धता एवं तहसीलदार थानागाजी द्वारा दिनांक 12.08.2025 द्वारा प्रेषित की गई मौका जॉच रिपोर्ट मय नजरी नक्शा के आधार पर स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार थानागाजी को आदेश दिये जाते है कि दिनांक 12.08.2025 की मौका जॉच रिपोर्ट में अंकित हाल आराजी खसरा संख्या 2888/236/0.69 है0 में से पूर्व से पश्चिम लम्बाई में तरफ उत्तर को 30 फीट चौडा रास्ता जो कि प्रार्थी की खातेदारी आराजी तक जाता है, को राजस्व रिकॉर्ड में अभिलिखित कर उक्त आराजी में से रास्ते में आयी भूमि की एवज में राजस्थान काश्तकारी (सरकार) नियम 1955 के नियम–70 के अनुसार क्षतिपूर्ति राशि आंकलित कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि वितरित करते हुये नियमानुसार रास्ते को खाता संख्या–1 सिवायचक में सार्वजनिक उपयोग हेतु किस्म गैर मुमकिन रास्ता दर्ज कर अंकन किया जावें। दिनांक 12.08.2025 की मौका जॉच रिपोर्ट व नजरी नक्शा निर्णय का अनन्य भाग रहेगा।

निर्णय की पालना हेतु एक प्रति तहसीलदार थानागाजी को भिजवायी जावें।

यह आदेश आज दिनांक 22.12.2025 को लिखवाया जाकर सरे–इजलास सुनाया गया एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता की मुहर व हस्ताक्षर युक्त जारी किया गया।

22/12/25

(सविता शर्मा आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
थानागाजी (अलवर) राज०

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
सत्यमेव जयते
थानागाजी-अलवर

छायाप्रति प्रमाणित
रीडर
उपखण्ड अधिकारी
थानागाजी (अलवर)

INDIA
Rs. 2
TWO RUPEES
COURT FEE
FOR COPYING FEES ONLY